“विशेष उपलब्धि”

दिनांक **23.03.2012** को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा देहरादून में राजभाषा सम्मेलन एवं क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल,आगरा को वर्ष 2010-2011 के लिए उत्तर क्षेत्र– 2 (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड) में केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयों में **प्रथम पुरस्कार** प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम में श्री आर० के० कालिया, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग की उपस्थिति में प्रो० सुधा पाण्डेय, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा पुरस्कार स्वरूप **कार्यालयाध्यक्ष श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक को एक शील्ड प्रदान की गई तथा तत्कालीन**

राजभाषा अधिकारी डा० संजय कुमार सिंह, उप-विस्फोटक नियंत्रक को वर्ष 2010-11 के दौरान संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

संगठन की राजभाषायी गतिविधियां

माह जनवरी से मार्च 2011 की तिमाही के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए संगठन के सभी कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । मुख्यालय में मंत्रालय से प्राप्त सभी पत्रों को अनुपालनार्थ संगठन के सभी अंचल/उप-अंचल कार्यालयों को भेजा गया। प्रत्येक तिमाही की तरह इस तिमाही में भी संगठन के सभी कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाएं, विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठके आदि का आयोजन किया गया ।

मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन सिमति नागपुर के तत्वाधान में यूनिकोड प्रशिक्षण महा-अभियान-2012 के अंतर्गत राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, नागपुर द्वारा 'यूनीकोड के अद्यतन प्रयोग' पर आयोजित दिनांक 5-6 जनवरी, 2012 के दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला में मुख्यालय की हिन्दी अधिकारी – श्रीमती वैशाली एस. चिरडे तथा कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक – श्रीमती ए. एन. भावे द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

मुख्यालय की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत दि. 26 मार्च 2012 को 'यूनिकोड का अद्यतन प्रयोग' इस विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली एस. चिरडे द्वारा मुख्यालय के सभी कर्मचारियों के कंप्यूटर यूनिकोड एनेबल कर यूनिकोड में कार्य करने का अभ्यास कराया । उन्होंने कर्मचारियों को हिदी टिप्पणियों के प्ररूपों के बारे में जानकारी दी तथा सभी कर्मचारियों के कंप्यूटरों पर हिन्दी टिप्पणियों के मसौदे सेव कर दिए । फोनेटिक हिन्दी में कार्य करने की जानकारी भी दी गई । हिन्दी टंकण सुविधाजनक बनाने हेतु उन्होने सभी कंप्यूटरों के की-बोर्ड पर द्विभाषी स्टीकर्स लगवाए ।

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिती की बैठक में मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अध्यक्ष महोदय श्री टी. आर. तोमस के निर्देशानुसार गैंस सिलेंडर अनुज्ञति मॉड्यूल द्विभाषीकरण के अंतर्गत फार्म 'ई', 'एफ' तथा जी के अनुवाद के पश्चात ऑनलाइन जारी किया गया ।

राजभाषा साईट पर उपलब्ध संशोधित तिमाही रिपोर्ट का प्रोफार्मा डाउनलोड कर संगठन के सभी अंचल/उप-अंचल कार्यालयों को भेजा गया तथा उसे संगठन की सपोर्ट साईट पर भी अपलोड कर दिया । राजभाषा संबंधी गतिविधियों को दर्शाने हेतु संगठन की वेबसाईट पर एक सब-हेड ''राजभाषा'' बनाया गया ।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया जी की अध्यक्षता में दिनांक 7 फरवरी 2012 को आयोजित वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग की

हिन्दी सलाहाकार समिति की बैठक में मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अध्यक्ष महोदय श्री टी. आर. तोमस सम्मिलित हुए ।